प्रादेशिक समाचार
14.07.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत टेक्स 2026 के तहत झारखंड पवेलियन का उद्घाटन, राज्य के छह जीआई टैग प्राप्त वस्त्र उत्पादों की लगी प्रदर्शनी।

2. राज्यभर के बूथों पर चुनाव पाठशाला और बीएलओ–बीएलए की बैठकें संपन्न, सीईओ ने कहा– एसआईआर में गैर–भारतीयों का शामिल होना दंडनीय अपराध।

3. 14वीं जेपीएससी परीक्षा में कथित अनियमितता के खिलाफ अभ्यर्थियों ने जेपीएससी कार्यालय का किया घेराव, अतिक्रमण हटाओ अभियान के खिलाफ फुटपाथ दुकानदारों ने भी किया प्रदर्शन।

4. रांची में जगन्नाथपुर रथयात्रा और मेले को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने कसी कमर, 16 से 25 जुलाई तक लागू रहेगी विशेष यातायात व्यवस्था।

5. ओमान में होने वाली महिला यूथ हॉकी फाइव साइड एशियन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम की घोषणा, झारखंड के छह खिलाड़ी शामिल।

*********************

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत टेक्स 2026 में झारखंड के उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने झारखंड पैवेलियन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राज्य के छह जीआई टैग प्राप्त पारंपरिक वस्त्र उत्पादों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाकर रोजगार के नए अवसर पैदा किए जाएंगे, जिससे राज्य का विकास तेज होगा।

*********************

राज्य में चुनाव आयोग के निर्देश पर सभी जिलों में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के तहत चुनाव पाठशालाएं आयोजित की गई। इस दौरान बूथों पर मृत, एब्सेंट और शिफ्टेड मतदाताओं की सूचियों का मिलान हुआ।

*********************

इस कड़ी में राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज लोहरदगा के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को एएसडीडी सूची के कड़े सत्यापन और केवल भारतीय नागरिकों के नाम जोड़ने के निर्देश दिए।

*********************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण केवल पात्र भारतीय नागरिकों के लिए है। उन्होंने चेतावनी दी कि गैर–भारतीयों द्वारा इस प्रक्रिया में भाग लेना एक दंडनीय अपराध है। श्री कुमार ने बताया कि आगामी 22 जुलाई को होने वाली अंतिम बैठक में एएसडीडी सूची को अंतिम रूप देकर 5 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा।

*********************

इस बीच रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि प्रपत्र वितरण और डिजिटाइजेशन का कार्य तेज है। उन्होंने वोटरों से बीएलओ को सहयोग करने की अपील की है।

*********************

उधर, गुमला में सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव पाठशाला और बीएलओ–बीएलए–2 की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने छह बूथों का औचक निरीक्षण कर गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को पूरी पारदर्शिता के साथ मतदाता सूची का पुनरीक्षण करने और हर पात्र नागरिक को जोड़ने का निर्देश दिया।

*********************

खूंटी जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदान केंद्रों पर लगाए गए शिविरों में मतदाताओं की भारी भीड़ देखी गयी। लोग केंद्रों पर पहुंचकर फोटोयुक्त प्रपत्रों का सत्यापन कराते देखे गये। बिना मैपिंग वाले वोटरों का अन्य राज्यों की सूची से मिलान किया गया।

*********************

राज्य के पूर्व मंत्री और धनबाद के पूर्व विधायक मन्नान मल्लिक का आज रांची के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए पहले विधानसभा परिसर लाया गया, जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, मंत्री दीपक बिरुवा और विधायक कल्पना सोरेन ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने उनके निधन को राज्य के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया।
इसके बाद उनका पार्थिव शरीर प्रदेश कांग्रेस भवन लाया गया, जहाँ मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

*********************

रांची में आज अभ्यर्थियों ने 14वीं जेपीएससी परीक्षा में कथित अनियमितता के विरोध में आयोग कार्यालय का घेराव किया। आजसू छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने प्रश्न पत्र लीक और सीटों की बिक्री का गंभीर आरोप लगाया है।

*********************

रांची को अतिक्रमण मुक्त बनाने के नगर निगम के अभियान के विरोध में आज फुटपाथ दुकानदारों ने निगम कार्यालय का घेराव किया। दुकानदारों का कहना है कि बिना नोटिस दिए उन्हें उजाड़ा जा रहा है, जिससे उनके सामने रोजी–रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

*********************

धनबाद में मानसून के दौरान कोयले के निर्बाध उत्पादन और आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बीसीसीएल ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने बस्ताकोला विकास भवन में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने खदानों में जलजमाव रोकने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया।

*********************

हजारीबाग में आयोजित दो दिवसीय उड़ान लाइफस्टाइल एग्जिबिशन में देशभर की महिला उद्यमियों ने शिरकत की। केंद्र सरकार की नीतियों और आत्मनिर्भर भारत अभियान से प्रेरित होकर महिलाएं न केवल खुद का व्यवसाय चला रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ रही हैं।

*********************

रांची में ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथयात्रा और मेले के मद्देनजर सुचारू यातायात के लिए 16 से 25 जुलाई तक विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गई है। ट्रैफिक एसपी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई प्रमुख मार्गों पर रूट डायवर्जन और नो–एंट्री लागू रहेगी। बिरसा चौक, प्रभात तारा मैदान और तिरिल मोड़ के पास पार्किंग स्थल बनाए गए हैं।

*********************

राज्य में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम केंद्र रांची ने आज राज्य के कई हिस्सों में गरज–चमक और वज्रपात के साथ भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। देवघर, जामताड़ा और गिरिडीह समेत कई जिलों में 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

*********************

ओमान के मस्कट में होने वाली महिला यूथ हॉकी फाइव–साइड एशियन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीमों में झारखंड के छह खिलाड़ियों का चयन हुआ है। महिला टीम में संदीपा, पुष्पा, श्रुति, नीलम और खिल्ली कुमारी को, जबकि पुरुष टीम में आशीष तनी पूर्ति को जगह मिली है। हॉकी झारखंड ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

********समाप्त*******